आकाशवाणी श्री विजयपुरम

05.09.2026 समय : 1905

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा– विकसित भारत का सपना शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार से ही साकार होगा। उन्होंने अड़तालीस स्कूली शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए।
2. मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने आज कानून, न्याय और विधिक शिक्षा पर मासिक व्याख्यान श्रृंखला शुरू करने की घोषणा की।
3. डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान ने आज अपना बयालीसवां स्थापना दिवस मनाया।
4. अंडमान एवं निकोबार कमान मुख्यालय 08 अक्टूबर को अपनी रजत जयंती मनाएगा– समारोह के भाग के रूप में 27 सितंबर को मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के जरिए ही विकसित भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। शिक्षक दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2026 समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि जो समाज अपने शिक्षकों का सम्मान करता है, वह सही मायनों में प्रगतिशील समाज होता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षक अग्रिम पंक्ति के राष्ट्र निर्माता हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किए। 27 राज्यों, सात केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के छह संगठनों से चुने गए अड़तालीस स्कूल शिक्षकों को ये पुरस्कार दिए गए। उन्होंने उच्च शिक्षण संस्थानों और पॉलिटेक्निक के 21 शिक्षकों और संकाय सदस्यों को भी राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किए। इनमें केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों के 12, राज्य विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के पांच तथा पॉलिटेक्निक के चार शिक्षक और संकाय सदस्य शामिल हैं।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिक्षकों से पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर विद्यार्थियों के जीवन को बेहतर बनाने और उनके बचपन को सुरक्षित रखने में बड़ी भूमिका निभाने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों के साथ बातचीत की। सोशल मीडिया पोस्ट में मुलाकात की झलकियां साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि शिक्षकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर विद्यार्थी के भीतर का बचपन जीवंत रहे। इसके लिए शिक्षकों को अपने भीतर के बच्चे को भी जीवित रखना चाहिए। श्री मोदी ने बच्चों में अत्यधिक स्क्रीन समय की आदत पर चिंता जताई। श्री मोदी ने नशीली दवाओं के बढ़ते खतरे पर भी चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए बच्चों को कक्षा से बाहर ले जाने और उन्हें वास्तविक जीवन के कौशल तथा विभिन्न कार्यों से जोड़ने के महत्व पर जोर दिया।

<><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने आज कानून, न्याय और विधिक शिक्षा पर मासिक व्याख्यान श्रृंखला शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने यह घोषणा शिक्षक दिवस के अवसर पर की। यह व्याख्यान श्रृंखला कानून, न्याय और समाज से संबंधित महत्वपूर्ण समकालीन मुद्दों पर संवाद और विचारों के आदान–प्रदान के लिए एक नियमित मंच प्रदान करेगी। "हर माह एक महत्वपूर्ण विचार" पर आधारित यह श्रृंखला न्यायाधीशों, विधिज्ञ संगठनों, शिक्षाविदों, प्रख्यात विशेषज्ञों और युवा विधिक विद्वानों को एक साथ लाएगी ताकि वे विधिक व्यवस्था और समाज से संबंधित प्रासंगिक प्रश्नों पर विचार–विमर्श कर सकें। मुख्य न्यायाधीश श्रृंखला के विषयों, वक्ताओं और समग्र प्रारूप का मार्गदर्शन करेंगे, जिसमें प्रत्येक संस्करण एक समकालीन और महत्वपूर्ण विषय पर केंद्रित होगा।

<><><><><><>

डॉ. बी. आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान ने आज अपना बयालीसवां स्थापना दिवस मनाया। डीब्रेट की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) सन्मुख कौर ने अपने संबोधन में शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों का मार्गदर्शन करने में शिक्षकों की भूमिका को रेखांकित किया। संस्थान में चार दशकों से जुड़े सबसे वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. वी. अलगुसुंदरम ने संस्थान की उल्लेखनीय यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक की भूमिका कक्षा में पढ़ाने से कहीं आगे बढ़कर नैतिक मूल्यों और जीवन का सामना करने से संबंधित जानकारियां प्रदान करना कई महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर एड्स नियंत्रण समिति और रोटरी क्लब ऑफ पोर्ट ब्लेयर के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित की गई। हरित पहल के तहत, रोटरी क्लब के अध्यक्ष और सदस्यों, प्राचार्या, विभागाध्यक्षों और परिसर टीम द्वारा 11 फलदार पौधे लगाए गए। इसी प्रकार समारोह के दूसरे भाग के रूप में शिक्षक दिवस भी संस्थान में मनाया गया। जिसमें छात्रों द्वारा संचालित एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

<><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार कमान मुख्यालय 08 अक्टूबर को अपनी रजत जयंती मनाएगा। रजत जयंती समारोह के भाग के रूप में, कमान द्वारा खेल एवं युवा मामलात निदेशालय के सहयोग से 27 सितंबर को मैराथन प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा। इस मैराथन में बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के लिए विभिन्न श्रेणियों में 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी की दौड़ शामिल होगी। यह आयोजन रक्षा कर्मियों और द्वीपों के नागरिक प्रतिभागियों दोनों के लिए खुला रहेगा। यह मैराथन सुबह छ बजे नेताजी स्टेडियम से शुरू होकर कार्बिन्स कोव तट होते हुए वापस नेताजी स्टेडियम में सम्पन्न होगा। शिक्षा निदेशालय और कॉलेज एवं संस्थानों से कहा गया है कि वे छात्रों को मैराथन में भाग लेने के लिए निर्देशित करें। आम जनता से भी इस मैराथन में उत्साहपूर्वक भाग लेकर, अंडमान एवं निकोबार कमान के रजत जयंती समारोह का हिस्सा बनने की अपील की गई है। इच्छुक प्रतिभागी 26 सितम्बर तक 9434–290–640 पर सम्पर्क कर अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं।

<><><><><><>

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की एक राष्ट्रीय पहल 'जेम्स ऑफ इंडिया चैलेंज 2026' ने नागरिकों–विशेष रूप से युवाओं और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स को एक राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपने–अपने जिलों की संस्कृति, विरासत, पर्यटन क्षमता, परंपराओं, व्यंजनों, कला और प्रेरणादायक स्थानीय कहानियों को प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया है। यह चैलेंज प्रसार भारती के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। यह पहल पायलट चरण के तहत छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू की जा रही है। इसके तहत पायलट सबमिशन विंडो, को अब 30 सितंबर तक बढ़ा दिया गया है। इच्छुक प्रतिभागी **WAVES OTT** प्लेटफॉर्म के **MyWAVES** सेक्शन पर अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं।

<><><><><><>

उत्तर और मध्य अंडमान पुलिस ने हाल ही में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया। 31 अगस्त को रंगत पुलिस थाना के सहयोग से बकुलतला की टीम ने कलसी में जंगल की तलाशी लेने पर लगभग एक सौ पैंसठ लीटर अवैध लहन बरामद की, जिसे बाद में प्रक्रिया के अनुसार नष्ट कर दिया गया। वहीं 03 तीन सितम्बर को पुलिस थाना बिलीग्राउंड के सहयोगस से बादामनाला की टीम ने गोविंदपुर के घने जंगल क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाकर लगभग 200 लीटर अवैध लहन बरामद की, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

<><><><><><>